प्रथम आवधिक परीक्षा 2024-2025

कक्षा - 6 **विषय -हिंदी** **पूर्णांक- 40**
समय-90 मिनट

....

प्रश्न 1. दिए हुए गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। (1×5=5)

गरमी के इस प्रकोप से अपने आपको बचाने के लिए मनुष्य ने उपाय खोज निकाले हैं। साधारण आय वाले घरों में बिजली के पंखे चल रहे हैं, जो नर-नारियों की पसीने से रक्षा करते हैं। अमीरों के यहाँ वातानुकूलन यंत्र लगे हैं। समर्थ जन गरमी से बचने के लिए पहाड़ी स्थलों पर चले जाते हैं और ज्येष्ठ की तपती दोपहरी पहाड़ की ठंडी हवाओं में बिताते हैं। प्यास बुझाने के लिए शीतल पेय है बर्फ और बर्फ से बने पदार्थ ग्रीष्म के शत्रु और लोगों के लिए वरदान हैं।

प्रश्न 1. (क) गरमी के प्रकोप से बचने के लिए किसने उपाय खोज निकाले हैं?
(i) मछलियों ने
(ii) जानवरों ने
(iii) मनुष्यों ने
(iv) इन सभी ने

(ख) अमीरों के यहाँ क्या लगे हुए हैं?
(i) वातानुकूलन के यंत्र
(ii) भूकंपरोधी यंत्र
(iii) परीक्षण यंत्र
(iv) उपर्युक्त सभी

(ग) समर्थ जन गरमी से बचने के लिए कहाँ चले जाते हैं?
(i) हिमालय पर
(ii) शिमला

(iii) पहाड़ों पर
(iv) कन्याकुमारी

(घ) प्यास बुझाने के लिए क्या है?
(i) पानी
(ii) शीतल पेय
(iii) घड़े का जल
(iv) फ्रिज का जल

(ङ) गरमी में आम लोगों के लिए क्या है?
(i) बर्फ और बर्फ से बने पदार्थ
(ii) शीतल पेय
(iii) पानी
(iv) प्याऊ

प्रश्न 2. दिए हुए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। (1×5=5)

बात सभी ने यह है मानी। हवा सुबह की बड़ी सुहानी।

सदा ताज़गी देती है यह। आलस को हर लेती है यह ॥

यह रोगी न होने देती। तनिक न सेहत खोने देती।

सुबह सैर पर जाकर देखो। हवा निराली पाकर देखो।

अगर सैर पर नित जाओगे। अच्छी सेहत तुम पाओगे।|

(क) इस कविता में किसका गुणगान किया गया है?

(i) सुबह की ताज़गी भरी हवा का

(ii) सुबह-सुबह योगाभ्यास करने का

(iii) सुबह-सवेरे कसरत करने का

(iv) इन सभी का

(ख) सुबह की हवा के बारे में क्या बताया गया है ?

(i) सुबह की हवा ताज़गी देती है।

(ii) यह स्वस्थ रखती है।

(iii) यह अच्छी सेहत देती है।

(iv) उपर्युक्त सभी

(ग) सुबह सैर पर जाने से क्या लाभ मिलेगा?

(i) व्यक्ति धनवान बनेगा ।

(ii) अच्छा स्वास्थ्य मिलेगा

(iii) अच्छे दोस्त बनेंगे

(iv) इनमें कोई नहीं

(घ) इस कविता का सबसे उपयुक्त शीर्षक होगा

(i) सुबह की हवा

(ii) सुबह की सैर

(iii) अच्छी सेहत एक वरदान

(iv) आलस्य दूर भगाने का मंत्र

(ङ) सुबह की हवा से हमें क्या लाभ मिलेगा?

(i) रोगी नहीं होने देती

(ii) सेहत नहीं खोने देती

(iii) आलस्य को हर लेती है

(iv) उपर्युक्त सभी।

प्रश्न 3. दिए हुए शब्दों का वाक्य में प्रयोग करें। (1×2=2)

विद्यालय,पुस्तक

प्रश्न 4. दिए हुए शब्दों के दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (1×2=2)

फूल,पानी

प्रश्न 5. दिए हुए शब्दों के विलोम लिखिए। (1×2=2)

रात, शुभ

प्रश्न 6. शब्दों के शुद्ध रूप को लिखिए। (1×2=2)

शीक्षक, तीरंगा झंडा।

प्रश्न 7. उचित क्रिया शब्द लगाकर वाक्य को पूरा करें। (1×2=2)

i) मैं कलम से …………… हूँ।

ii) मेरी माताजी बहुत अच्छा भोजन………. हैं।

प्रश्न 8. दिए हुए वाक्यों को व्यवस्थित करके दोबारा लिखिए। (1×2=2)

i) हैं खेलते मैदान सब में लड़के

ii) करना समय पूरा है सभी से बच्चों को काम

प्रश्न 9. दिए हुए मुहावरों का अर्थ लिखकर उसका वाक्य प्रयोग करें। (2×2=4)

i) नौ दो ग्यारह होना

ii) आंखों का तारा

प्रश्न 10. दिए हुए वाक्यों में से संज्ञा और सर्वनाम शब्द अलग करें।(1×2=2)

i) मीना खाना बनाती है।

ii) रामू बाज़ार गया वह फल खरीद लाया।

प्रश्न 11.विशेषण पहचान कर लिखो।(2)

I)मीना सुन्दर है।

2)कक्षा में बीस छात्र पढते हैं।

प्रश्न 12.हिन्दी वर्णमाला के स्वर लिखें।(2)

प्रश्न 13. किसी एक विषय पर पत्र लिखें.(1×5=5)

i) अपने मित्र को जन्म दिवस पर एक बधाई पत्र लिखें।

अथवा

ii) अपने प्राचार्य को 3 दिन के अवकाश हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखें।

प्रश्न 14. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें 100 शब्द के. (5)

i)वर्षा ऋतु.

2) स्वतंत्रता-दिवस.

3) मेरी पहली रेल-यात्रा.

****